हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
10 जुलाई 2023, श्रावण, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, विक्रम संवत् 2080, बरेली

PAGE NO. 07 : MIDDLE

रोबोटिक सर्जरी से घुटना प्रत्यारोपण

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। रोबोटिक सर्जरी के जरिये नी रिप्लेसमेंट के साथ एसआरएमएस इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज में दो दिवसीय कैडेवरिक आर्थोप्लास्टी कोर्स का रविवार को समापन हुआ। प्रोफेसर अनिल अरोड़ा के निर्देशन में डॉ. अक्षय चंदेल ने पहली बार रोबोटिक सर्जरी से घुटने का ऑपरेशन किया। वर्कशाप में इसका लाइव प्रसारण भी किया गया।

कांफ्रेंस के आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ.संजय गुप्ता ने बताया कि रोबोट के जरिये मरीज की जरूरत के मुताबिक ऑपरेशन को अंजाम देना संभव होता है। ज्वाइंट के ज्यादा चलने की उम्मीद होती है। डॉ.संजय ने कहा कि जिस

एसआरएमएस रोबोटिक सर्जरी के जरिये नी रिप्लेसमेंट किया।

मरीज की यह सर्जरी की गई है वह दस वर्ष से चलने में असमर्थ था। ऑपरेशन ही इलाज होने से आज रोबोटिक सर्जरी के जरिये नी रिप्लेसमेंट किया गया। आईएमए बरेली के प्रेसिडेंट डॉ.विनोद पागरानी ने भी वर्कशाप को ज्ञानवर्धक बताया, रोबोटिक सर्जरी से नी रिप्लेसमेंट मरीज़ों के लिए फायदेमंद साबित होगा।